# CBSE Class 8 Social Science Important Questions Geography Chapter 5 मानव संसाधन

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
भारत सरकार ने मानव संसाधन मंत्रालय का निर्माण क्यों किया?
उत्तर:
भारत सरकार ने मानव संसाधन मंत्रालय का निर्माण लोगों के कौशल को बढ़ाने के लिए किया था।

प्रश्न 2.
जनसंख्या वितरण किसे कहते हैं?
उत्तर:
विश्व के भूपृष्ठ पर जिस प्रकार लोग फैले हैं, उसे जनसंख्या वितरण कहते हैं।

प्रश्न 3.
कौनसा संसाधन अन्तिम संसाधन है।
उत्तर:
मानव संसाधन अन्तिम संसाधन है।

प्रश्न 4.
विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या किस देश की है?
उत्तर:
विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या चीन की है।

प्रश्न 5.
जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौनसा स्थान है?
उत्तर:
जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में दूसरा स्थान है।

प्रश्न 6.
जनसंख्या घनत्व किसे कहते हैं?
उत्तर:
पृथ्वी पृष्ठ पर प्रति इकाई क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते हैं।

प्रश्न 7.
भारत का जनसंख्या घनत्व कितना है?
उत्तर:

https://www.evidyarthi.in/

भारत का जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

प्रश्न 8.
जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कोई दो भौगोलिक कारक बताइए।
उत्तर:

- स्थलाकृति
- जलवायु

प्रश्न 9.
जीवन प्रत्याशा किसे कहते हैं?
उत्तर:
यह उन वर्षों की संख्या है जिनमें औसत व्यक्ति के जीवित रहने की आशा की जा सकती है।

प्रश्न 10.
जन्म दर किसे कहते हैं?
उत्तर:
प्रति 1000 व्यक्तियों पर जीवित जन्मों की संख्या के माप को जन्म दर कहते हैं।

प्रश्न 11.
मृत्यु दर का क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
मृत्यु दर का तात्पर्य 1000 व्यक्तियों पर मरने वाले व्यक्तियों की संख्या से है।

प्रश्न 12.
प्राकृतिक वृद्धि दर किसे कहते हैं?
उत्तर:
एक देश के जन्म दर और मृत्यु दर के बीच के अन्तर को प्राकृतिक वृद्धि दर कहते हैं।

प्रश्न 13.
उत्प्रवासी तथा आप्रवासी से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
उत्प्रवासी वे लोग होते हैं जो देश को छोडते हैं जबकि आप्रवासी वे लोग होते हैं जो देश में आते हैं।

प्रश्न 14.
ऐसे दो देशों के नाम बताइए जिनमें आप्रवास के कारण जनसंख्या में वृद्धि हुई है।
उत्तर:

- संयुक्त राज्य अमेरिका
- आस्ट्रेलिया।

प्रश्न 15.
यदि जन्म दर, मृत्यु दर से कम है तो जनसंख्या पर क्या प्रभाव पड़ेगा?
उत्तर:

evidyarthi

यदि जन्म दर, मृत्यु दर से कम है तो जनसंख्या में कमी आएगी।

लघुत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
मानव संसाधन की क्या उपयोगिता है?
उत्तर:
मानव किसी देश के लिए महत्त्वपूर्ण संसाधन होता है क्योंकि मानव ही ऐसा संसाधन है जो अपनी कुशलता एवं योग्यता से प्राकृतिक संसाधनों को उपयोग योग्य बनाता है। मनुष्य अपनी योग्यताओं और आवश्यकताओं से प्रकृति की देन को संसाधन में परिवर्तित कर देता है। स्वस्थ, शिक्षित और अभिप्रेरित लोग अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप संसाधनों का विकास करते हैं। इस प्रकार मानव संसाधन सबसे ज्यादा उपयोगी है तथा यही अन्तिम संसाधन है।

प्रश्न 2.
विश्व में जनसंख्या के वितरण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
विश्व में जनसंख्या के वितरण में काफी असमानता पाई जाती है। विश्व की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या भूपृष्ठ के. लगभग 30 प्रतिशत भू-भाग पर ही निवास करती है। विश्व के कुछ भाग अत्यन्त घने बसे हुए हैं जबकि कुछ भागों में बहुत ही कम जनसंख्या निवास करती है। विश्व की कुल जनसंख्या के लगभग तीन-चौथाई लोग केवल दो महाद्वीपों एशिया तथा अफ्रीका में निवास करते हैं। विश्व के 60 प्रतिशत लोग केवल 10 देशों में रहते हैं।

प्रश्न 3.
विश्व में जनसंख्या के घनत्व को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
जनसंख्या घनत्व का तात्पर्य विश्व के भू-पृष्ठ पर प्रति वर्ग किलोमीटर में रहने वाले लोगों की संख्या से है। विश्व में विभिन्न देशों में जनसंख्या घनत्व के आधार पर काफी असमानता पाई जाती है। सम्पूर्ण विश्व का औसत जनसंख्या घनत्व 51 व्यक्ति प्रतिवर्ग किलोमीटर है। सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व दक्षिण मध्य एशिया में है, इसके पश्चात् क्रमशः पूर्वी एशिया एवं दक्षिण-पूर्वी एशिया में है। भारत का जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

प्रश्न 4.
जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो भौगोलिक कारकों का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:

- मृदा-किसी देश की उपजाऊ मृदा कृषि के लिए उपयुक्त भूमि प्रदान करती है अतः वहाँ अधिक लोग निवास करते हैं। भारत में गंगा और ब्रह्मपुत्र, चीन में ह्वांग-हो, चांग जियांग तथा मिस्र में नील नदी के उपजाऊ मैदान घने बसे हुए क्षेत्र हैं।
- जल-लोग उन क्षेत्रों में रहने को प्राथमिकता देते हैं जहाँ अलवणीय जल आसानी से उपलब्ध होता है। विश्व की नदी घाटियाँ घने बसे क्षेत्र हैं जबकि मरुस्थल विरल जनसंख्या वाले हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 5.
जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले आर्थिक एवं सांस्कृतिक कारकों को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
आर्थिक कारक-औद्योगिक क्षेत्र रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। लोग बड़ी संख्या में इन क्षेत्रों की ओर आकर्षित होते हैं। जापान में ओसाका और भारत में मुम्बई दो घने बसे क्षेत्र हैं। सांस्कृतिक कारक-धर्म और सांस्कृतिक महत्ता वाले स्थान लोगों को आकर्षित करते हैं। वाराणसी, येरुसलम और वेटिकन सिटी इसके कुछ उदाहरण हैं।

प्रश्न 6.
विश्व में जनसंख्या परिवर्तन पर टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
जनसंख्या परिवर्तन से तात्पर्य एक निश्चित अवधि के दौरान लोगों की संख्या में परिवर्तन से है। विश्व की जनसंख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। सन् 1800 तक विश्व की जनसंख्या धीमी गति से बढ़ी। सन् 1804 में विश्व की जनसंख्या 1 अरब थी वह वर्ष 1959 तक तीन गुना बढ़कर 3 अरब हो गई तथा वर्ष 1999 में 40 वर्ष की अवधि से कम अवधि में जनसंख्या दो गुना अर्थात् 6 अरब हो गई है।

प्रश्न 7.
जनसंख्या परिवर्तन को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:

- जन्म दर-जन्म दर का तात्पर्य प्रति 1000 व्यक्तियों पर जीवित जन्मों की संख्या की माप से है। जिस देश में जन्म दर अत्यधिक होती है वहाँ तेजी से जनसंख्या बढ़ती है।
- मृत्यु दर-मृत्यु दर का तात्पर्य प्रति 1000 व्यक्तियों पर मरने वालों की संख्या की माप से है। जिस देश की मृत्यु दर बहुत कम एवं जन्म दर ज्यादा होती है वहाँ जनसंख्या तेजी से बढ़ती है।
- प्रवास-जब व्यक्ति एक देश छोड़ता है तो इसे उत्प्रवास कहते हैं, इससे जनसंख्या कम होती है। जब व्यक्ति नए देश में जाता है तो इसे आप्रवास कहते हैं जिससे नए देश की जनसंख्या बढ़ती है।

प्रश्न 8.
प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीकेवीवाई) के बारे में आप क्या जानते हैं?
उत्तर:
प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2015 में शुरू की गई। इस योजना द्वारा 1 करोड़ भारतीय युवाओं को 2016 से 2020 तक प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इस योजना का उद्देश्य संभाव्य और मौजूदा रोजगार अर्जक को गुणवत्ता प्रशिक्षण प्रदान करके रोजगार योग्य कौशल की योग्यता को प्रोत्साहित करना है।

https://www.evidyarthi.in/